# 19. मुहावरे

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। इसके द्‌वारा भाषा में अनोखापन आ जाता है।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को मुहावरों का अर्थ समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 102 पर दिए मुहावरों के उदाहरणों को पढ़ें। ईद का चाँद, दाँत खट्टे करना, छक्के छुड़ाना, इन मुहावरों के अर्थ समझाएँ।
- ❖ बच्चों से इन मुहावरों का कोई अन्य वाक्य प्रयोग करने को कहें।
- ❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें। समझाएँ, मुहावरे विशेष अर्थ के लिए प्रयोग किए जाते हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 103-105 पर दिए मुहावरों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ सुनिश्चित करें बच्चे पाठ विषय समझ पा रहे हैं।
- ❖ बच्चों से कुछ अन्य मुहावरे पूछें, जो वे अपनी बातचीत में प्रयोग में लाते हैं।